COVID-19 महामारी के दौरान आप्रवासी समुदायों के लिए न्यू यॉर्क सिटी संसाधन

द सिटी ऑफ न्यू यॉर्क कोरोनावायरस 2019 (COVID-19) महामारी से उल्लेखनीय रूप से प्रभावित न्यू यॉर्क वासियों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। कई सिटी सेवाएं सभी न्यू यॉर्क वासियों के लिए उपलब्ध हैं भले ही आपकी आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो और आपकी भुगतान करने की क्षमता के निरपेक्ष, यद्यपि अन्य पात्रता अपेक्षाएं लागू हो सकती हैं।

उपलब्ध सेवाओं और संसाधनों पर जानकारी **बार बार बदलती रहती है।** अद्यतन के लिए nyc.gov/immigrants/coronavirus और nyc.gov/coronavirus, पर जाएं और Twitter @NYCImmigrants पर अनुसरण करें।

COVID-19 मार्गदर्शन और उपचार

- जहां तक संभव हो घर पर रहना न्यू यॉर्क सिटी में COVID-19 के प्रसार को धीमा कर सकता है। जिन लोगों में लक्षण दिखाई नहीं देते हैं वे भी वायरस फ़ैलाने में सक्षम हो सकते हैं।
- न्यू यॉर्क वासियों को सार्वजनिक स्थानों पर, विशेष रूप से जब वे दूसरों से कम से कम छह फुट दूर रहने में अक्षम हो, तो मुख आवरण जरूर पहनें। मुखावरण अच्छी तरह से सुरक्षित कागज या कपड़े का बना होता है जो आपकी नाक और मुंह को ढकता है और जब भीआप घर से बाहर जाएं पहना जाना चाहिए। किस प्रकार के मुखावरण का इस्तेमाल किया जाना चाहिए और कैसे, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए, NYC.gov/Coronavirus पर जाएं।
- सिटी ऑफ न्यू यॉर्क के सभी अनिवार्य कर्मचारियों को ड्युटी पर जनता के साथ व्यवहार करते समय मुखावरण पहनना होगा। सिटी अनिवार्य सिटी कर्मियों को मुखावरण वितरित कर रहा है।
- ग्रॉसरी स्टोर्स को ग्राहकों के लिए मुखावरण पहनना आवश्यक करना चाहिए जिससे कर्मचारियों और ग्राहकों की रक्षा की जा सके। कारोबार मालिको को सलाह दी जाती है कि इस मार्गदर्शन को लागू करने में मदद के लिए इसे साइन पोस्ट किए जाएं।
- यदि आप बीमार हैं, घर पर ही रहें। यदि आपको खाँसी, साँस लेने में कठिनाई, बुखार, गले में सूजन है और आप 3-4 दिन बाद भी बेहतर अनुभव नहीं करते हैं, तो अपने चिकित्सक को दिखाएं।
- अपने चिकित्सक के पास व्यक्तिगत रूपसे जाने की बजाय उससे संपर्क करने के लिए टेलीफोन, टेक्स्ट, टेलीमेडिसिन (वीडियो कॉन्फ्रेंस), या किसी रोगी पोर्टल का इस्तेमाल करें। आप और आपके चिकित्सक निर्णय करेंगे कि क्या आपको अपने घर से बाहर चिकित्सीय सेवा की जरूरत है।
- यदि आपको किसी चिकित्सक को ढूँढने या चिकित्सीय सेवा प्राप्त करने में मदद की जरूरत है, तो, **311** पर कॉल करें। सिटी चिकित्सीय सेवा प्रदान करेगा भले ही आपकी आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो और चाहे आप भुगतान कर सकते हैं या नहीं।
- सिटी ऑफ न्यू यॉर्क सीधे रोगियों के साथ COVID-19 परीक्षण सेट अप नहीं कर रहा है यदि आपको ऐसी कोई कॉल आती हैं, येह एक धोखा है। केवल आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से किसी जरूरी परीक्षण सहित आपकी स्वास्थ्य जानकारी पर चर्चा करते हैं।
- आपको COVID-19 महामारी के संबंध में क्या करना चाहिए इसके बारे में सिटी के मार्गदर्शन को अक्सर अद्यतित किया जाता है। नवीनतम जानकारी के साथ अद्यतित रहने के लिए, NYC.gov/Coronavirus पर जाएं। जानकारी 20 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है।
    - COVID-19 पर अंग्रेजी में रीयल-टाइम टेक्स्ट अपडेट के लिए, टेक्स्ट करें **COVID 692-692** पर।
    - स्पैनिश में रीयल-टाइम अपडेट के लिए, टेक्स्ट करें **COVIDESP 692-692** पर।
    - रीयल-टाइम अपडेट अंग्रेजी, स्पैनिश और चीनी में ट्विटर पर भी पाए जा सकते हैं। अनुसरण करें @NotifyNYC, @NNYCSpanish ओर @NNYCChinese.
- वें न्यू यॉर्क वासी जिनके लक्षण हैं या COVID-19 के लिए जिनका परीक्षण सकारात्मक आया है, किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आए हैं जिसे COVID-19 हो सकता है, या वर्तमान में क्वारंटाइन में हैं, वे सिटी को अपने स्थिती पर अपडेट कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए NYC COVID-19 Engagement Portal पर जाएं।

COVID-19 और आप्रवासन चिंता

- सेवा, उपचार प्राप्त करना या COVID-19 के लिए परीक्षण करवाना आपको कोई 'सार्वजनिक प्रभार' नहीं बनाएगा या आपकी ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने की आपकी क्षमता को आहत नहीं करता है। दान या रियायती चिकित्सा सेवा प्राप्त करना आपकी ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने की आपकी क्षमता को आहत नहीं करता है। जब ग्रीनकार्ड धारक नागरिकता के लिए आवेदन करते हैं तो कोई 'सार्वजनिक प्रभार' परीक्षण नहीं होता है। बिना डर के सेवा प्राप्त करें।
- कई आप्रवासी 'सार्वजनिक प्रभार' परीक्षण से प्रभावित नहीं है।
- और 'सार्वजनिक प्रभार' परीक्षण के अधीन सभी सार्वजनिक सेवाओं, प्रोग्राम या परिलाभों को 'सार्वजनिक लाभ' नहीं माना जाता है। उदाहरण के लिए, निम्नलिखित सेवाएं और कार्यक्रमों को "सार्वजनिक लाभ" नहीं समझा जाएगा यहां तक कि 'सार्वजनिक प्रभार' के अधीन आप्रवासियों के लिए भी।
    - स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं और अधिकतर स्वास्थ्य बीमा सिवाय गैर-आपातकालीन Medicaid।
    - जबकि Medicaid शामिल है, निम्नलिखित Medicaid परिलाभ बाहर रखे गए हैं:
        - आपातकालीन Medicaid
        - Medicaid द्वारा वित्तपोषित किंतु डिसेबिलिटीज़ एजुकेशन एक्ट (IDEA) वाले व्यक्तियों के अंतर्गत प्रदान की गई
        - Medicaid द्वारा वित्तपोषित स्कूल-आधारित सेवाएं या परिलाभ
        - 21 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों द्वारा प्राप्त किए गए Medicaid परिलाभ
        - गर्भावस्था + 60 दिन के दौरान किसी महिला द्वारा प्राप्त किए गए Medicaid परिलाभ
    - कई प्रकार की खाद्य सहायता, जैसे महिलाओं, शिशुओं और बच्चों (डब्लूआईसी) के लिए स्पेशल सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन प्रोग्राम, फूड पैंट्रीज, स्कूलों में ग्रैब एंड गो भोजन, और इससे अधिक (सिवाय एसएनएपी के, नीचे 'भोजन' अनुभाग देखें)
    - बेरोजगार परिलाभ
- आप्रवासन स्थिति के निरपेक्ष सभी स्वास्थ्य सेवा रोगियों के लिए सशक्त निजता संरक्षण लागू हैं। संघीय कानून के अंतर्गत, अस्पताल और क्लिनिक रोगी के प्राधिकरण के बिना रोगी जानकारी शेयर नहीं करते हैं, जब तक ऐसा करना कानून द्वारा आवश्यक न हो।
- यदि आप्रवासन और सार्वजनिक परिलाभों के बारे में आपका कोई प्रश्न है तो मुफ्त, गोपनीय ActionNYC हॉटलाइन को **1-800-354-0365** पर कॉल करें। सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक, या **311** को कॉल करें और कहें "Public Charge" समय पर और विश्वसनीय जानकारी और कानूनी मदद के लिए कनेक्शन को एक्सेस करने के लिए।

स्वास्थ्य सेवा और सकुशलता

- NYC Health + अस्पताल सभी न्यू यॉर्क वासियों को सेवा प्रदान करते हैं, भले ही आपकी आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो। NYC Health + अस्पताल आपकी मदद करेंगे भले ही आपके पास बीमा नहीं है और आप स्वास्थ्य सेवा के लिए भुगतान नहीं कर सकते। यह आपातकालीन देखभाल, चिकित्सकों की मुलाकातें, दवाएं, दीर्घावधि देखभाल, और अस्पताल में ठहराव सहित सभी प्रकार की स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए सच है। यहां जाएं NYCHealthandHospitals.org/immigrant, या कॉल करें 844-NYC-4NYC (844-692-4692) अथवा 311.
- NYC Care एक कार्यक्रम है जो उन न्यू यॉर्क निवासियों को NYC Health + अस्पताल द्वारा दी जाने वाली कम लागत और बिनाशुल्क सेवाओं की गारंटी देता है जो स्वास्थ्य बीमा के लिए अर्हता प्राप्त नहीं कर सकते या भुगतान नहीं कर सकते। सामाजिक दूरी का पालन करने के लिए (जो लोग आपके घर में नहीं रहते हैं, उनसे कम से कम छह फुट दूर रहना)। NYC Care कर्मचारी आपकी संपर्क जानकारी लेंगे और जब व्यक्तिगत मीटिंग की अनुमति होगी तो नामांकन के लिए आपको वापस कॉल करेंगे। जाएं NYCCare.nyc पर या कॉल करें **1-646-NYC-CARE (1-646-692-2273)** या **311** कॉल करें।
- न्यू यॉर्क सिटी में अनेक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित हैं जो स्लाइडिंग-शुल्क आधार पर, आपकी आय के आधार पर चिकित्सा सेवा प्रदान करते हैं। यह सेवा आप्रवासन स्थिति के निरपेक्ष हर किसी के लिए उपलब्ध है। जाएं FindaHealthCenter.HRSA.gov या NYC low- to no-cost care option list पर आपके निकट कोई स्थान ढूंढने के लिए।

- यदि आप चिंतित, तनावयुक्त या अभिभूत महसूस कर रहे हैं तो NYC Well पर प्रशिक्षित काउंसलरों से संपर्क करें, सिटी की मुफ्त, गोपनीय हेल्पलाइन 200+ भाषाओं में उपलब्ध है। **888-NYC-WELL (888-692-9355)** को कॉल करें, या टेक्स्ट करें **WELL 65173** पर, या NYC.gov/NYCWell पर ऑनलाइन चैट करें।
- विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वयंसेवक पेशेवरों से बात करने के लिए न्यू यॉर्क राज्य की COVID-19 इमोशनल सपोर्ट हेल्पलाइन को 844-863-9314 पर कॉल करें। वे सप्ताह के सातों दिन सुबह 8 बजे से रात के 10 बजे तक सुनने, सहायता करने और रेफरल प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं।

स्वास्थ्य बीमा

- कई न्यून-से लागत-रहित स्वास्थ्य बीमा प्लान गैर दस्तावेजीकृत बच्चों और गर्भधारी लोगों सहित, आप्रवासियों के लिए उपलब्ध हैं। Medicaid, Child Health Plus, और Essential Plan प्लान साल भर उपलब्ध हैं। जाएं New York State of Health या **311** को कॉल करें।
- COVID-19 महामारी के कारण, व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा नामांकन सेवाएं अगली सूचना तक निलंबित रहेंगी। जानकारी या टेलीफोन नामांकन मुलाकात निर्धारित करने के लिए आप कॉल कर सकते हैं। आप्रवासन स्थिति के निरपेक्ष और कई भाषाओं में मदद उपलब्ध है। जाएं NYC के स्वास्थ्य बीमा सेवाएँ कार्यालय कोई मुलाकात तय करने के लिए, या 311 पर कॉल करें। आप यहां टेक्स्ट भी कर सकते हैं **CoveredNYC to 877-877**. स्पैनिश के लिए **SeguroNYC** को **877-877** पर टेक्स्ट करें।
- सामुदायिक स्वास्थ्य एडवोकेट (CHA) पूरे न्यू यॉर्क राज्य में व्यक्तिगत सहायता और शिक्षा प्रदान करके जटिल स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में नेविगेट करने में न्यू यॉर्क वासियों की मदद करते हैं। स्वास्थ्य बीमा का इस्तेमाल, चिकित्सा बिलिंग का समाधान और ऋण मुद्दों और कवरेज से मनाही र पात्रता निर्धारण कैसे करें पर सीएचए सहायता प्रदान करता है। मदद 170 भाषाओं में उपलब्ध है। हॉटलाइन को **(888) 614-5400** पर कॉल करें, सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक

भोजन

- सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन एसिस्टेंस प्रोग्राम (SNAP), या भेजन स्टैम्प, सीमित आय वाले लोगों की भोजन खरीदने में मदद करता है। कछ आप्रवासन प्रतिबंध लागू हो सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन और नवीनीकरण ACCESS HRA के माध्यम से हो सकते हैं, सिटी के ऑनलाइन पोर्टल से आप अपने सार्वजनिक परिलाभ मामले के लिए आवेदन कर सकते हैं और उन्हें प्रबंधित कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए HRA की इंफोलाइन को **718-557-1399** पर कॉल करें।
  - NYC में SNAP प्राप्तकर्ता ग्रॉसरी के लिए Amazon, Shoprite, या Walmart पर ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। यह सुनिश्चित कर लें कि कोई ऑनलाइन स्टोर आपके गृह पते पर डिलीवरी करता है।
  - यदि आप्रवासन और सार्वजनिक परिलाभों के बारे में जैसे कि SNAP, आपका कोई प्रश्न है तो मुफ्त, गोपनीय ActionNYC हॉटलाइन को **1-800-354-0365** पर कॉल करें। सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक, या **311** को कॉल करें और कहें “Public Charge” जानकारी और कानूनी मदद के लिए संपर्क को सुलभ करने के लिए।
- नीचे सूचीबद्ध सेवाए सभी न्यू यॉर्क वासियों को मुफ्त प्रदान की जाती हैं चाहे आपकी आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो। गैर-दस्तावेजीकृत आप्रवासी भी इन सेवाओं को प्राप्त कर सकते हैं, और ऐसा करना आपको 'सार्वजनिक प्रभार' नहीं बना देगा या आपकी ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने की क्षमता को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।
  - न्यू यॉर्क सिटी की फूड पैंट्री ग्रॉसरी प्रदान करती हैं और सामुदायिक रसोइयां गर्म खाना प्रदान करती हैं। कोई आय सीमा नहीं है। अपने निकट स्थानों और समय का पता करने के लिए FoodHelpNYC का इस्तेमाल करें या 311 पर कॉल करें।
  - पूरे शहर में मील हब्स याने भोजन केन्द्रों पर सभी न्यूयॉर्क निवासियों के लिए दिन में तीन भोजन उपलब्ध हैं। मील हब्स बच्चों और परिवारों के लिए सोमवार से शुक्रवार सुबह 7:30 बजे से सुबह 11:30 बजे तक, और वयस्कों के लिए सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कार्य करते हैं। इन भोजन को लेने के लिए किसी पंजीकरण, पहचान, या दस्तावेजीकरण की जरूरत नहीं है। सभी वयस्क और बच्चे क बार में तीन भोजन ले सकते हैं। माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों के लिए भोजन ले सकते हैं। कोई डाइनिंग स्थआन उपलब्ध नहीं है, इसलिए भोजन मील हब्स के बाहर ही खाना होगा। सभी स्थलों पर शाकाहारी, कोशेर और हलाल विकल्प उपलब्ध हैं। शिक्षा विभाग की मुफ्त भोजन स्थान खोजक वेबसाइट पर जाएं या **311** पर कॉल करें। आप टेक्स्ट भी कर सकते हैं **FOOD** लिख कर **877-877** पर। स्पैनिश के लिए **COMIDA** लिख कर **877-877** परर टेक्स्ट करें।

- 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी वयस्क जो संभावित होम डिलीवरी सहित कहां और कैसे भजन प्राप्त करें पर विकल्प खोज रहा है, को www.nyc.gov/getfood पर जाना चाहिए या 311पर संपर्क करके कहना चाहिए “Get Food.”
- इस सेवा के बारे में किसी शिकायत को रद्द करने, बदलने या सबमिट करने के लिए आप 311 पर कॉल कर सकते हैं और कहें “Get Food” या यहाँ फ़ीडबैक सबमिट करें on.nyc.gov/seniorfoodhelp
- यदि आप अपना घर नहीं छोड़ सकते हैं, ककोई नहीं है जो आपके लिए भोजन ला सके, औ निजी डिलीवरी विकल्पों का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, तो आप आपके घर पर भोजन डिलीवर किए जाने के लिए पात्र हो सकते हैं। जाएं NYC COVID-19 फ़ूड असिस्टेंस रिसोर्सेज वेबसाइट पर या 311 पर कॉलकरें और कहें “Get Food.”
- महिलाओं, शिशुओं और बच्चों (डब्लू आईसी) के लिए स्पेशल सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन प्रोग्राम निम्न-आय वाली महिलाओं और बच्चों के लिए मुफ्त स्वास्थ्यवर्धक भोजन और अन्य सेवाएं प्रदान करता है। जाएं ACCESS NYC (स्पैनिश के लिए, जाएं ACCESS NYC Español) या HRA की इंफ़ोलाइन को **718-557-1399** पर कॉल करें।

आवासन और उपयोगिता

- इस समय न्यू यॉर्क में हर किसी के लिए सभी निष्कासन प्रक्रियाएं और बकाया निष्कासन आदेश निलंबित कर दिए गए हैं, भले ही आपकी आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो। इसका मतलब है आपका मकान मालिक इस समयके दौरान किराए का भुगतान नही करने के कारण आपसे अपना मकान छोड़ने के लिए नहीं कह सकता। अधिक जानकारी के लिए, जाएं किरोदारों के संरक्षण के लिए मेयर के कार्यालय की वेबसाइट या COVID-19 और आवासन अधिकार पर NYS अटोर्नी जनरल के पेज़ पर जाएं।
- वे किराएदार जिनके प्रश्न हैं या जिन्हें अपनी किराएदारी के बारे में कानूनी सलाह की जरूरत है, यदि उन्हें उनके मकान मालिकों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है या उन्हें निष्कासन की धमकी दी जा रही है, तो वे 311 पर कॉल करके सिटी की आवासीय किराएदार हॉटलाइन से संपर्क कर सकते हैं। हॉटलाइनइस पर मार्गदर्शन प्रदान करती है कि सिटी परिलाभों को कैसे ऐक्सेस किया जाए या सहयता, मुफ्त कानूनी सलाह और सभी न्यू यॉर्क वासियों की मदद के लिए उपलब्ध अन्य संसाधनों के लिए कैसे आवेदन किया जाए-जिप कोड, आय या आप्रवासन स्थिति के निरपेक्ष-COVID-19 संकट के दौरान किराएदारी मुद्दों को हल करता है।
- यदि कोरोनावायरस के कारण आपकी कार्य अनुसूची कम हो गई है और आप किराए का भुगतान करने में असमर्थ हैं, तो आप आपातकालीन नगद सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। कछ आप्रवासन प्रतिबंध लागू हो सकते हैं। जाएं ACCESS NYC (स्पैनिश के लिए, जाएं Access NYC Español) या HRA की इंफोलाइन को 718-557-1399 पर कॉल करें।
- गृह आधारित प्रोग्राम NYC निवासियों की मदद कर सकता है जिन्हें अपने घर छिन जाने का तत्काल जोखिम है और आश्रय प्रणाली में प्रवेश कर रहे हैं। HRA के होमबेस पर वेबपेज़ पर जाएं या 311 पर कॉल करें।
- यदि आप NYC हाउसिंग प्रिजर्वेशन एंड डेवलपमेंट (HPD) सेक्शन 8 वाउचर का उपयोग करते हैं और आय में कमी के कारण किराए का भुगतान करने में परेशानी हो रही है, तो सहायता प्राप्त करने के लिए DTRAI@hpd.nyc.gov पर ईमेल करें।
- NYCHA के आय की हानि अनुभव कर रहे निवासी NYCHA के किराया कठिनाई प्रोग्राम के लिए पात्र हो सकते हैं। अधिक जानने के लिए, NYCHA ग्राहक संपर्क केंद्र को **718-707-7771** पर कॉल करें।
- सिटी NYCHA के निवासियों को विभिन्न संसाधन प्रदान कर रहा है, जिसमें निजी सुरक्षा उपकरण और सभी NYCHA निवासियों के लिए COVID-19 परीक्षण के साथ-साथ वरिष्ठों के लिए भोजन और सकुसलता जांच शामिल है। अधिक जानकारी के लिए, NYCHA वेबसाइट पर जाएं ।
- न्यू यॉर्क सिटी व्यक्तियों के निम्न समूहों को अस्थायी होटल आवास प्रदान कर रहा है: बेघर महसूस करने वाले न्यू यॉर्क निवासी, स्वास्थ्य सेवा कर्मी। लक्षणों के निरपेक्ष, NYC Health + अस्पताल के रोगी जिन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है और सेल्फ आइसोलेशन याने अलगाव की जरूरत है और वे व्यक्ति जिनका पॉजिटिव परीक्षण हुआ है या जिनके COVID-19 के लक्षण हैं और जिन्हें सेल्फ-आइसोलेशन की जरूरत है। अधिक जानकारी के लिए, जाएं nyc.gov/covid19hotel।
- ConEdison ने उपयोगिता बिलों का भुगतान नहीं करने पर बिजली बंद नहीं करने और विलंब जुर्माना शुल्क माफ करने की सहमति दे दी है। नेशनल ग्रिड ने यह भी कहा है कि कम से कम अप्रैल के अंत तक बिलों का भुगतान नहीं करने पर गैस सेवा नहीं काटी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए ConEdison वेबसाइट और नेशनल ग्रिड बेवसाइट की जांच करें।
- Comcast, AT&T, और Verizon ने सहमति दी है कि 60 दिन के लिए इंटरनेट सेवाएं समाप्त नहीं की जाएंगी, यदि COVID-19 केकारण हुए व्यवधानों के कारण आप उनके बिलों का भुगतान नहीं कर पाते हैं।
- Comcast निम्न आय ग्राहकों को दो महीने के लिए 25 Mbps की स्पीड वाले मुफ्त इंटरनेट की पेशकश कर रहा है। जाएं Comcast इंटर्नल इसेंशियल्स वेबसाइट अधिक पता लगाने के लिए।

- मेट्रो PCS, T-Mobile, Sprint, AT&T और Comcast Xfinity सेलफोन सब्सक्राइबरों के लिए कम से कम 60 दिन के लिए अपनी डेटा कैप उठा रही हैं। Verizon स्वचालित रूप से 4G LTE के अतिरिक्त 15GB और छोटे कारोबार शेयर्ड डेटा प्लान, हॉटस्पॉट और जेटपैक उपभोक्ताओं के जोड़ रही है। अधिक जानकारी के लिए अपने सेलफोन प्रदाता से संपर्क करें।
- अगली सूचना तक Xfinity WiFi सार्वजनिक हॉटस्पॉट हर किसी के लिए "xfinitywifi" SSID पर खुले हुए हैं। सार्वजनिक हॉटस्पॉट वाणिज्यिक क्षेत्रों में छोटे/मध्यम कारोबारों और आउटडोर में पाए जा सकते हैं। जाएँ Xfinity WiFi वेबसाइट एक WiFi सार्वजनिक हॉटस्पॉट ढूंढने और अधिकजानने के लिए

शिक्षा और बाल सेवा

- 2019-2020 के शेष स्कूल वर्ष के लिए दूरस्थ शिक्षण जारी रहेगा क्योंकि स्कूल बंद रहेंगे। इसका मतलब है छात्र अपनी कक्षाएँ इंटरनेट का इस्तेमाल करके अपने घर से ले रहे हैं। शिक्षा विभाग (DOE) जरूरतमंद छात्रों को इंटरनेट सक्षम आईपैड उधार दे रहा है। सेलुलर डेटा प्लान शामिल है। अधिक पता लगाएं Schools.NYC.gov/Coronavirus या कॉल करें **311.**
- के-12 छात्रों और विश्वविद्यालय छात्रों के लिए कई मुफ्त इंटरनेट विकल्प हैं।
  - Charter Spectrum पहले दो महीने में नए ग्राहकों के लिए 100 एमबीपीएस तक की स्पीड वाला मुफ्त इंटरनेट प्रदान करता है। इंस्टॉलेशन स्पीड में छूट मिल सकती है। कॉल करें 1-844-488-8395.
  - Suddenlink और Optimum, Altice USA के स्वामित्व वाली दोनों नए ग्राहकों को 30 Mbps तक की स्पीड के साथ 60 दिन के लिए मुफ्त इंटरनेट की पेशकश कर रही हैं। Optimum के लिए 1-866-200-9522 पर कॉल करें , और Suddenlink इंटरनेट सेवा के लिए 1-888-633-0030 पर कॉल करें।
  - Cox अपने इंटरनेट प्रोग्राम के पहले महीने की पेशकश कर रही है, Connect2Compete, बच्चों (K-12 या छोटे) वाले निम्न आय ग्राहकों के लिए 12 मई 2020 तक मुफ्त
- DOE के पास घर-पर-सीखें संसाधन अंग्रेजी में प्री-के से 12 तकके छात्रों के लिए हैं।
- NYC बाल सेवाओं के लिए प्रशासन (ACS) के पास एक आभासी COVID-19 संसाधन मार्गदर्शिका रोगियों और बच्चों के लिए, अभिभावकत्व सुझाव, क्वारंटाइन के दौरान सुझाई गई गतिविधियां और बुनियादी जरूरतों के लिए संसाधन हैं।
- ACS भागीदार समुदाय-आधारित संगठनों के साथ तीन मोहल्लों में परिवार संवर्धन केंद्र (FEC) जो समुदाय के लिए और उसके साथ पेशकशों की एक रेंज प्रदान करते हैं। FECs अब दूरस्थ रेफरल और सहायता के साथ-साथ सीमित व्यक्तिगत आपातकालीन संसाधन प्रदान कर रही है। अधिक जानकारी के लिए आप ACS वेबसाइट यहां जा सकते हैं।
- न्यू यॉर्क सार्वजनिक लाइब्रेरी (NYPL) offers छात्रों के लिए मुफ्त ऑनलाइन ट्यूशन प्रदान करता है। छात्र रोजाना 2 बजे से रात 11 बजे तक ट्यूटर से ऑनलाइन होमवर्क मदद प्राप्तकर सकते हैं। प्रारंभिक एलिमेंट्री से हाई स्कूल ग्रेड तक कोर विषय क्षेत्रों में अंग्रेजी और स्पैनिश में ट्यूटर उपलब्ध हैं। वीडियो सामग्री और अन्य संसाधन दिन में 24 घंटे उपलब्ध हैं। परिवारों को एक न्यू यॉर्क लाइब्रेरी कार्ड की जरूरत होगी इस सेवा को एक्सेस करने के लिए, और वे कार्ड के लिए यहां आवेदन कर सकते हैं न्यू ययॉर्कपब्लिक लाइब्रेरी वेबसाइट।
- We Speak NYC ऑनलाइन शैक्षणिक अंग्रेजी भाषा संसाधन प्रदान करती है और मुफ्त साप्ताहिक ऑनलाइन कक्षाएं प्रदान करती है। आज ही किसी कक्षा के लिए साइन अप करें नए लोगों से मिलने के लिए, सभी न्यू यॉर्क सिटी निवासियों के लिए आप्रवासन स्थिति के निरपेक्ष उपलब्ध न्यू यॉर्क सिटी की सेवाओं के बारे में जानने के लिए। यदि आप किसी कक्षा में आना चाहते हैं, तो कृपया कक्षाओं की अनुसूची पर यहां जाएं। मुफ्त संसाधनों को कोई भी We Speak NYC वेबसाइट पर कोई खाता बनाने की जरूरत के बिना एक्सेस कर सकता है। शिक्षकों के लिए भी पाठ योजना और हैंडबुक सहित सामग्री है।
- सिटी रीजनल एनरिचमेंट सेंटर (आरईसी) में प्रथम जवाबदाताओं, स्वास्थ्य सेवा कर्मियों, ट्रांजिट कर्मियों और अन्य सिटी कर्मचारियों के साथ ही अनिवार्य कर्मियों के लिए बाल सेवा प्रदान करता है। आरईसी सुबह 7:30 से शाम 6:30, समवार से शुक्रवार प्रीकिंडरगार्टन से ग्रेड 12 तक के बच्चों के लिए खुलते हैं। भोजन प्रदान किया जाएगा। DOE की रीज़नल एनरिचमेंट सेंटर वेबसाइट पर जाएं या सेवाओं और मुफ्त बालसेवा के लिए पात्र कर्मियों की पूर्ण सूची के बारे में अधिक जानने के लिए 311 पर कॉल करें।

श्रमिक सहायता और वित्तीय सहायता

- चाहे आप कोई कारोबार मालिक हैं या कोई काम खोज रहे हैं, NYC लघु व्यापार सेवा विभाग न्यू यॉर्क वासियों के लिए सहायता की पेशकश करता है। जाएं nyc.gov/sbs नवीनतम संसाधनों और COVID-19 के बारे में जानकारी के लिए।
- कोरोनावायरस सहायता, राहत और आर्थिक सुरक्षा एक्ट (CARES एक्ट) के एक भाग के रूप में, सरकार संयुक्त राज्य अमेरिका में कई लोगों को आर्थिक प्रभाव भुगतान भेज रही है जो एक निश्चित धनराशि से कम कमाते हैं।
    - आप आर्थिक प्रभाव भुगतान के लिए पात्र हो सकते हैं यदि आप
        - एक यूएस नागरिक हैं या यूएस निवासी विदेशी;
        - को किसी की वापसी पर आश्रित के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है;
        - के पास सामाजिक सुरक्षा नंबर (एसएसएन) है जो रोजगार के लिए मान्य है (मान्य एसएसएन); और
        - की सकल आय व्यक्तिगत रूपसे $99,000 या संयुक्त रूप से $198,000 है।
    - किसी परिवार के मामले में, माता पिता दोनों के पास वैध सामाजिक सुररक्षा नंबर और आश्रित बच्चे हैं उनके पास भी वैध साामाजिक सुरक्षा नंबर होना जरूरी है। (अपवाद:यदि पति-पत्नी में से कोई यूएस सशस्त्र बल का कर योग्य वर्ष के दौरान कभी भी सदस्य रहा है, केवल तभी एक के पास वैध एसएसएन होना जरूरी है।)
    - अधिक जानकाररी के लिए, यहां जाएँ ACCESS NYC।
- एक श्रमिक के रूप में अपने अधिकारों को जानें और कि आपके ये अधिकार हैं न्यू यॉर्क सिटी कानून के अंतर्गत भुगतानशुदा सुकषित और बीमारी की छुट्टी सहित, चाहे आपकी आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो। NYC कार्मिकों का अधिकार बिल गैरदस्तावेजीकृत आप्रवासियों सहित हर किसी पर लागू होता है।
- आप न्यू यॉर्क सिटी कानून के अंतर्गत COVID-19 के लिए आपातकालीन भुगतान शुदा बीमारी की छुट्टी के लिए पात्र हो सकते हैं। गैर दस्तावेजीकृत आप्रवासी भी पात्र हो सकते हैं। अधिक जानने के लिए, यहां जाएं यू यॉर्क राज्य राज्यपाल की वेबसाइट या राज्य की COVID-19 हॉटलाइन को 1-888-364-3065 पर कॉल करें।
- कार्य प्राधिकरण के साथ आप्रवासी न्यू यॉर्क निवासी बेरोजगारी बीमा परिलाभों के लिए पात्र हो सकते हैं। न्यू यॉर्क राज्य 7-दिन की प्रतीक्षा अवधि में छू दे रहा है। जाएँ New York State Department of Labor वेबसाइट या 1-888-209-8124 पर कॉल करें। पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए, Access NYC Unemployment Benefits FAQ पर जाएं।
- आप्रवासी न्यू यॉर्क निवासी औक/या उनके बच्चे न्यू यॉर्क में नगद सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं। जाएं ACCESS NYC (स्पैनिश के लिए, जाएं Access NYC Español) या HRA की इंफोलाइन को 718-557-1399 पर कॉल करें।
- यदि आपको अपने बंधक घर के लिए भुगतान करने में कठिनाई आ रही है तो बैंक न्यू यॉर्क वित्तीय सेवाएं विभाग के अंतर्गत 90 दिन के लिए आपके बंधक भुगतान को लंबित कर सकता है। बंधक छूट मार्गदर्शन। अधिक पता लगाने केलिए अपने बंधक उधारदाता बैंक को कॉल करें।
- संघीय छात्र ऋण बुगतान स्वचालित रूप से निलंबित हैं,ब्याज या जुर्मने के बिना। कुछछात्र ऋण जैसे पुराना संघीय परिवार शिक्षा ऋण जो यूएस शिक्षा विभाग के स्वामित्व में नहीं हैं, सकूलों के स्वामित्व वाले परकिन्स लोन्स, और प्राइवेट छात्र लोन निलंबित नहीं किए गए हैं। अधिक जानने के लिए NYC उपभोक्ता और श्रमिक संरक्षण विभाग की COVID-19 के दौरान छात्र लोन डेट सुझाव पर जाएं और studentaid.gov पर जाएं।
- यदि आपका छात्र या चिकित्सा ऋण का भुगतान न्यू यॉर्क राज्य के लिए बकाया है, आपको अस्थायी रूप से ऋण संग्रह से संरक्षण मिल सकता है। यहां अधिक पता लगाएं न्यू यॉर्क अटोर्नी जनरल की वेबसाइट।
- स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, ट्रांजिट कर्मचारी और प्रथम जवाबदाता एक मुफ्त 30-दिन की City Bike सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं अपने नियोक्ता के माध्यम से साइन अप करके। अधिक जानने के लिए iti Bike Critical Workforce Program वेबपेज पर जाएं।

उत्पीड़न या भेदभाव के विरुद्ध सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षण

- किसी के विरुद्ध नस्ल, राष्ट्रीय मूल, या अन्य स्थिति के आधार पर घृणा और भेदभाव न्यू यॉर्क सिटी में असहनीय है। NYC मानवाधिकार आयोग, घृणा के अपराधों की रोकथाम के लिए मेयर का कार्यालय, और NYPD निगरानी रख रहे हैं और रिपोर्ट की गई COVID-19 से संबंधित डर और कलंक से उपजी घृणा और पक्षपात की घटनाओं का जवाब दे रहे हैं।
    - उत्पीड़न या भेदभाव को रिपोर्ट करने के लिए **311** पर कॉल करें।
    - यदि आप घृणा अपराध के शिकार हैं या गवाह हैं कि आपको लगता है वह घृणा अपराध हो सकता है, तो **911** पर कॉल करें। NYPD अधिकारी मदद चाहने वाले किसी भी व्यक्ति की आप्रवासन स्थिति के बारे में नहीं पूछेंगे।
    - COVID-19 से संबंधित घृणा और पक्षपात कोकैसे रिपोर्ट करें और पीड़ित और मानसिक स्वास्थ्य सहायता कैसे प्राप्त करें के बारे में जानकारी के लिए nyc.gov/StopCOVIDHate पर जाएं।
- NYC परिवार न्याय केंद्र तत्काल सुरक्षा योजना, आश्रय सहायता, कानूनी सहायता, मानसिक स्वास्थ्य, और परामर्श सेवा, औरअन्य महत्वपूर्ण संसाधनों सहित घरेलू हिंसा में बने वालों, के लिए सहायता प्रदान करने के लिए फोन के माध्यम से उपलब्ध है। आपसे एक संदेश थोड़ने केलिए कहा जा सकता है और कोई यथासंभव जल्दी आपसे संपर्क करेगा।
    - सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 5 बे तक, आप अपने निकट के केन्द्र स्थल को कॉल कर सकते हैं।
        - NYC परिवार न्यायकेंद्र के लिए, **Bronx**, कॉल करें **718-508-1220**
        - NYC परिवार न्यायकेंद्र के लिए, **Brooklyn**, कॉल करें **718-250-5113**
        - NYC परिवार न्यायकेंद्र के लिए, **Manhattan**, कॉल करें **212-602-2800**
        - NYC परिवार न्यायकेंद्र के लिए, **Queens**, कॉल करें **718-575-4545**
        - NYC परिवार न्यायकेंद्र के लिए, **Staten Island,** कॉल करें **718-697-4300**
    - शाम को या सप्ताहांत में, NYC के 24-घंटे घरेलू हिंसा हॉटलाइन को **800-621-HOPE (4673)** पर कॉल करें।

आप्वासन कार्रवाई और प्रवर्तन की स्थिति

- ActionNYC सिटी की पहलहै जो न्यू यॉर्कवासियों के लिए मुफ्त, सुरक्षित और गोपनीय आप्रवासन मदद प्रदान करता है। वर्तमान में इस समय सामाजिक दूरी (जो लोग आपके घर में नहीं रहते उनसे कम से कम छह फुट की दूी पर रहना) का पालन करने के लिए फन द्वारा आप्रवासन स्क्रीनिंग के लिए अनुमति देकर यह प्रोग्राम समायोजन कर रहा है। आप्रवासन स्थिति के संबंध में अगर आपके कोई प्रश्न या चिंता हो तो सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक 1-800-354-0365 कॉल करें या 311 पर कॉल करें और कहें "ActionNYC."
- NYC सिविल जस्टिस कार्यालय जरूरतमंद न्यू यॉर्कवासियों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करता है जिनमें किराएदार, आप्रवासी, निम्न-आय श्रमिक और सिविल कानूनी चुनतियां झेल रहे अन्य न्यू यॉर्क वासी शाममिल हैं। अधिक पता लगाने के लिए NYC कार्यालय सिविल जस्टिसकी वेबसाइट पर जाएं।
- सभी आप्रवासन कोर्ट सुनवाइयां 15 मई 2020 तक के लिए लंबित हो गई हैं उन लोगों के लिए जिन्हें अभिरक्षा में नहीं लिया गया है। उन लोगों के लिए ज अभिरक्षित हैं, अभी सुनवाई चल रही हैं। अपडेटेड के बारे में सूचित रहें यहां जाकर Justice.gov/EOIR, आप्रवासन समीक्षा के लिए कार्यकारी अधिकारी (EOIR) को हॉटलाइन **1-800-898-7180** पर कॉल करके EOIR के Facebook पेज को चेक करें।
- यूएस नागरिकता और आप्रवासन सेवाएं (USCIS) ने सभी आमने-सामने सेवाएं अगली सूचना तक रद्द कर दी हैं जिनमें साक्षात्कार और प्राकृतिकीकरण समारोह शामिल हैं। जाएं USCIS.gov/Coronavirus (स्पैनिश के लिए, जाएं Respuesta de USCIS al Coronavirus 2019 वेबपेज) या कॉल करें USCIS हॉटलाइन **1-800-375-5283 पर**।
- आप्रवासन और सीमाशुल्क प्रवर्तन (ICE) ने COVID-19 महामारी के जवाब में अपनी नीतियों में संशोधन किया है। अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं ICE.gov/COVID19

- ICE निरोध में लोगों से मुलाकात की वर्तमान में परिवार और मित्रों के लिए अनुमति नहीं है। अटोर्नी के लिए, कुछ कानूनी मुलाकात जारी हैं। हालांकि, ICE अटोर्नी के लिए जहां तक संभव हो वीडियो मुलाकात को प्रोत्साहित कर रहा है और यह आवश्यक किया है कि जिनको व्यक्तिगत रूपसे मिलना है उन्हें अपना खुद का निजी सुरक्षा उपकरण इस्तेमाल करना होगा और उन्हें सुविधा पर परीक्षण करवाना हो सकता है। अटोर्नी को विवरण और अपडेट के लिए व्यक्तिगत सुविधा से संपर्क करना चाहिए।
- ICE ने जो लोग निरोधित नहीं हैं उनके लिए व्यक्तिगत रूप से चेक-इन रद्द कर दिए हैं। टेलिफोनिक चेक-इन अभी भी हो रहे हैं।
  - ICE द्वारा गिरफ्तारी जारी हैं। ICE ने कहा है कि उन पर कुछ परिसीमन लागू करेंगे जिन्हें वे गिरफ्तार करेंगे और कि वे स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं में या उनके निकट गिररप्तारी नहीं करेंगे सिवाय असाधारण परिस्थितियों के।

अतिरिक्त संसाधन

- आप्रवासन या सिटी सेवाएं कैसे एक्सेस करें के बारे में प्रश्न? MOIA हॉटलाइन को 212-788-7654 पर कॉल करें, सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक, एक ईमेल AskMOIA@cityhall.nyc.gov को भेजें, या किसी MOIA पड़ोस संगठक तक पहुंचें।
- विकलांग न्यू यॉर्क वासी COVID-19 विकलांग लोगों के लिए मेयर के कार्यालय के वेबपेज पर जा सकते हैं भोजन/आपूर्ति वितरण, सामाजिक सुरक्षा/Medicaid परिलाभ, घरेलू स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, और अधिक संसाधन पर जानकारी के लिए।
- जनगणना फॉर्म ऑनलाइन भरे जा सकते हैं या फोन से **844-330-2020** भाषा, सहायता के लिए, यहां जाएं 2020 जनगणना भाषा सहायता वेबपेज। जनगणना सुक्षित है, जवाब पूरी तरह से गोपनीय हैं, और कोई भी प्रश्न नागरिकता या आप्रवासन के बारे में नहीं है।